धमकाने और भड़काऊ पोस्ट करने पर पार्षद गिरफ्तार

15 दिनों में राशिद खान चिन्ना पर हुई तीन एफआईआर, गिरफ्तार आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। मारपीट, धमकाने और फिर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने के मामले में पुलिस द्वारा पार्षद राशिद खान चिन्ना और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तो वहीं पुलिस द्वारा उन्हें जुलूस के रूप में अस्पताल से थाने तक पैदल ले जाया गया।

दरअसल जिले के सट्टा किंग आजाद खान के छोटे भाई पार्षद राशिद खान उर्फ चिन्ना एवं उसके साथी अल्ताफ पर पठार मोहल्ला निवासी गोपाल यादव के साथ मारपीट की गई थी। इस संबंध में 13 मार्च को गोपाल यादव द्वारा आरोपी राशिद खान उर्फ चिन्ना एवं अल्ताफ खान के विरूद्ध थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद 22 मार्च को आरोपी राशिद खान उर्फ चिन्ना द्वारा हथियार लेकर फरियादी के घर में घुसकर उसे थाने में रिपोर्ट करने पर धमकाया गया तथा जान

से मारने की धमकी दी गई। जिस पर फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में फिर से अपराध दर्ज किया गया और पार्षद को गिरफ्तार करने पुलिस उसके घर पर पहुंची लेकिन वह उसे नहीं मिला। इसके बाद मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा कोतवाली प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान को आरोपी को शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके पालन में एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चौहान ने उप निरीक्षक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम

15 दिन में हुई तीन एफआईआर, दर्ज हैं कई मामले:

सट्टा किंग कहे जाने वाले आजाद खान के छोटे भाई राशिद खान चिन्ना पर विगत 15 दिनों में तीन केस दर्ज किये गये है। तो वहीं कोतवाली पूर्व के कई मामले दर्ज है। जानकारी के अनुसार पार्षद पर सट्टे से लेकर मारपीट और धमकाने मामले दर्ज है। जिनमें करीब दस मामले में दर्ज है, जिनके तहत आरोपी पार्षद पर 451,323,506,34 294,427, 341,334, 307,147,148,149, 353,332 की विभिन्न धाराएं दर्ज है। इसके अलावा अन्य मामले में बीएनएस की 232(1), 351(2),3(5) विभिन्न धाराओ में मामला दर्ज है। आरोपी पार्षद व उसके साथी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, उपनिरीक्षक आशुतोष गुप्ता, उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुशवाह, थाना प्रभारी देहात भुवनेश शर्मा, थाना प्रभारी कचनार पूनम सेलर सहित अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही ।

आरोपी की गिरफ्तारी हेतु रवाना की आरोपी अपने पकड़े जाने के भय से घर से फरार हो गया था जिसे मुखबिर की सूचना पर गुरूवार को गिरफ्तार किया गया ।

सोशल मीडिया पर की थी भड़काऊ पोस्ट:

फरारी के दौरान आरोपी राशिद उर्फ चिन्ना खान द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक पर भीड़ एकत्रित कर विभिन्न समूहों के बीच धार्मिक एवं जाति सौहार्द खराब करने संबंधी पोस्ट की गई, जिसके चलते पुलिस ने अवतार सुमन निवासी बोहरे कालोनी द्वारा थाना कोतवाली में पार्षद राशिद उर्फ चिन्ना खान के विरूद्ध एक लेखीय आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर आरोपी के विरूद्ध अप.क्रमांक 196/2026 धारा 196 (1) (ङ),223 (ङ) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया । उक्त प्रकरण में भी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

रामनवमी से चंदेरी में पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा का होगा शुभारंभ

नवभारत न्यूज

चंदेरी। चंदेरी पर्यटन नगरी में भी भोपाल सहित चंदेरी ओरछा में पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ की जा रही है, जो आज से शुरू हो जाएगी। प्राप्त जानकारी अनुसार रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को सीएम मोहन यादव भोपाल से ओरछा के लिए पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा का बर्चुअल शुभारंभ करेंगे, तत्पश्चात शनिवार को पर्यटन नगरी चंदेरी के लिए भी पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ होगा। इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं और शीघ्र ही नगर के लोगों को इस सेवा का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ किए जाने के लिए पर्यटन सचिव डॉ इलैयाराजा.टी के द्वारा कलेक्टर अशोकनगर को चंदेरी हेलीपैड पर सुरक्षा व्यवस्था,एम्बुलेंस तथा फायर ब्रिगेड आदि की सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया था हालांकि पूर्व में प्रशासनिक व्यवस्था के चलते सेवा का शुभारंभ रोक दिया गया था ।दरअसल चंदेरी से पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ करने के लिए क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से से मांग रखी गई। जिसके पश्चात उनके द्वारा 27 सितंबर 2024 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को चंदेरी से हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ करने के लिए लिखा गया था जिसके फल स्वरुप मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इसकी स्वीकृति प्रदान की और अंततः अब रामनवमी के शुभावसर पर ओरछा से तथा शनिवार को चंदेरी से पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ होने जा रही है जिसका लाभ पर्यटकों को मिलेगा।

एक नजर में

शाढ़ौरा- वाजीतपुर मार्ग पर प्याऊ का शुभारंभ

शाढ़ौरा। ग्राम कमालपुर में खेड़ापति परिवार द्वारा पंडित कमरलाल शास्त्री की पुण्यस्मृति में प्रतिवर्ष ग्रीष्म की भांती इस वर्ष भी ग्रीष्म कालीन शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया गया है। प्याउ का शुभारम्भ सूर्या द्वारा बड़े दादाजी का पूजन कर किया गया। यह प्याऊ सम्पूर्ण ग्रीष्म ऋतू में संचालित रहकर आसाड़ महीने में गुरुपूर्णिमा के भंडारे के साथ विश्राम होती है। तपती दोपहरी में सडक से निकलते लोगों के लिए यह प्याउ ही प्यास बुझाने का जरिया है।

विहिप ने मनाया राम महोत्सव

अशोकनगर। विश्व हिंदू परिषद द्वारा राम महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहे हैं। जिसके तहत गुरूवार को हजारेश्वर महादेव, चिंता हरण हनुमान मंदिर पठार,वाल्मीकि मंदिर,काली माता मंदिर आदि स्थानों पर राम महोत्सव के कार्यक्रम आयोजत किये गये।

अधर में साड़ा कालोनी की शासकीय भूमि के बंदरबांट की जांच

जांच को लेकर जिम्मेदारों ने दिखाया लचर रवैया, 6 माह पूर्व कलेक्टर ने दिये थे जांच के आदेश

नवभारत न्यूज

चंदेरी। तत्कालीन कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में तत्कालीन एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी द्वारा चंदेरी स्थित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की कॉलोनी में अनियमित तरीके से भूखंड आवंटन में हुए भूखंडों की बंदर बांट की जांच को लेकर सितम्बर 2025 में 8 सदसीय दल गठित कर साड़ा कॉलोनी की भूखंड आवंटन प्रक्रिया की संपूर्ण जांच करवाई कर 10 दिन में जांच पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया था, उस आदेश में दिलीप दरोगा तहसीलदार चंदेरी, हिमांशी गुप्ता नायब तहसीलदार चंदेरी, प्रदीप शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदेरी, दो राजस्व निरीक्षक, दो पटवारी सहित नगर पालिका से एक राजस्व निरीक्षक शामिल थे किंतु 6 माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी चंदेरी की साडा कॉलोनी के भूखंडों के आवंटन प्रक्रिया में हुई अनियमिताओं की जांच आज तक परवान नहीं चढ़ सकी है। न ही राजस्व प्रशासन, नपा प्रशासन जांच को लेकर किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंच पाया है इसका सीधा सा कारण जिम्मेदारों के आदेशों की अवहेलना या फिर अधिकारियों का भूखंड आवंटन प्रक्रिया की जांच में बर्ती जा रही

लापरवाही और वरिष्ठ कार्यालयों के आदेशों की जानबूझ कर की जा रही अवहेलना से है। जबकि पूर्व में साडा कॉलोनी के भूखंड में जिम्मेदारों द्वारा किए जा रहे बंदरबाट को लेकर समय-समय पर तत्कालीन कलेक्टरों द्वारा भूखंड आवंटन,नामांतरण,विक्रय पर रोक लगाए के आदेश भी पारित किए जाते रहे हैं किंतु आदेशों ,नियमों की अनदेखी कर नपा के जिम्मेदारों द्वारा ही नियम विरुद्ध अभिलेखों में कूट रचना कर किए जाते रहे हैं जिससे नगर के लोगों के हित तो प्रभावित हुए ही हैं शासन को भी करोड़ों रुपए की आर्थिक वित्तीय क्षति का सामना करना पड़ा है।

ज्ञातव्य हो कि वर्ष 1981 में मध्य प्रदेश शासन के तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के द्वारा ग्राम फतेहाबाद, रामनगर, प्राणपुर को मिलाकर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण चंदेरी का गठन किया गया था। जिसमें नगर में निवास कर रहे भूमिहीन, भवन विहीन ,आर्थिक कमजोर वर्ग मध्यम वर्ग के लिए दो भूमि सर्वे क्रमांको 30 बीघा राजस्व की शासकीय भूमि आवास ग्रह निर्माण हेतु तीन प्रकार के भूखंडों के आवंटन के लिए बर्ष 1992 में प्रदान की गई जिसके तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय माधव सिंधिया रहे।

क्या थी साड़ा कॉलोनी की भूखंड आवंटन प्रक्रिया:

जानकारी अनुसार 1992 में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा विज्ञप्ति जारी कर तीनों श्रेणियां के भूखंडों एमआईजी, एलआईजी,ईडब्ल्यूएस के वितरण की पंजीयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई थी साड़ा कॉलोनी में स्थित भूखंडों के आवंटन को लेकर नगर तथा ग्राम विकास का नक्शा तैयार किया गया था, ले आउट बनाया गया, भूखंड पंजीयन राशि जमा कराई गई, आवंटित भूखंड धारियों से भवन बिहीन प्रमाण पत्र लिए गए, किश्तों में राशि जमा कराए जाने का प्रावधान भी था। परंतु पंजीयन उपरांत पंजीयन कर्ताओं को ना तो विधि अनुकूल आवंटन प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए भूखंड आवंटित किए गए ना ही प्राप्त भूमि का स्थल पर सीमांकन व चिन्हांकन किया गया। जिसमें यह साबित हो सके की कुल कितने प्रस्तावित भूखंड कितने क्षेत्रफल में वितरण हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं नपा के पुनः अस्तित्व में आने से भूखंडों के बंदरबाट की प्रक्रिया शुरू हुई जो अभी तक चली। जिसकी जांच के आदेश जारी हुए थे।

इनका कहना है।

साडा कॉलोनी के भूखंडों के आवंटन की जांच के लिए 6 माह पूर्व टीम गठित की गई थी और 10 दिन में टीम से जांच कर प्रतिवेदन चाहा था किंतु कॉलोनी में आवंटन संबंधित रिकॉर्ड नपा द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है रिकॉर्ड फाइलों के गुम हो जाने की जानकारी प्राप्त हुई जिन जिम्मेदारों के कार्यकाल में फाइल गुम हुई है शीघ्र ही उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

मनीष धनकर, एसडीएम चंदेरी।

साडा कॉलोनी की भूमि शासकीय राजस्व भूमि थी जिसमें पंजीयन कर्ताओं को भूखंड लीज पर दिए जाने की जानकारी मेरे संज्ञान में है किंतु साडा कॉलोनी के अभिलेखों में कांटछांट नाम परिवर्तन किए गए हैं भूखंडों का विक्रय किस नियम के तहत और किसके कार्यकाल में किसके आदेश से हुआ है जो गंभीर जांच का विषय है। कुछ फाइलें नपा की रिकॉर्ड शाखा से गायब हैं जिनके कार्यकाल में फाइलें गायब हुई हैं जब तक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हो पाएगा निष्पक्ष ,नियमानुसार जांच संभव नहीं है संबंधितों पर एफआईआर कराए जाने के लिए आकाश मिश्रा राजस्व निरीक्षक नगरपालिका को आदेशित किया है किंतु आज तक उनके विरुद्ध कायमी क्यों नहीं कराई गई में दिखवाता हूं।

प्रदीप शर्मा, सीएमओ नगरपालिका चंदेरी

दुर्गा अष्टमी पर कन्या पूजन का आयोजन

नवभारत न्यूज

चंदेरी। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर सेवा भारती चंदेरी द्वारा श्री श्री 1008 जागेश्वरी मां के दरवार में विशाल कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमे नगर के हर समुदाय के लोगों ने सपरिवार आकर कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया। इस मौके पर एसडीएम मनीष धनगर, एसडीओपी महेश शर्मा, नगर निरीक्षक प्रशांत यादव, तहसीलदार दिलीप दरोगा ने भी माता के दरवार में पहुंचकर कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया। तो वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष ने

भी मां के दरवार में रहकर सेवा कार्य में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर लगभग 1000 कन्याओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम की भव्यता यह रही की नगर के लगभग 150 परिवारों ने कन्याओं का पूजन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सेवा भारती के अध्यक्ष देशबंधु जैन, उपाध्यक्ष ममता राजा बुंदेला, कोषाध्यक्ष उमानंद नामदेव, ओम सिहारे , घनश्याम जी साहू सहित सेवा भारती का पूरा परिवार उपस्थित रहा।

कानून व्यवस्था को लेकर मुख्य सचिव ने ली बैठक

अशोकनगर। मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में गुरूवार को वीडियों कांफ्रेस आयोजित की गई। जिला स्तर पर कांफ्रेस में कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा,जिला वनामण्डाधिकारी प्रतिभा अहिरवार, सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे। कांफ्रेस में मुख्य सचिव ने कानून व्यवस्था के संबंध में जिला कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिये गए। साथ ही उन्होंने सुशासन के तहत नामतंरण,बटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण किये जाने के निर्देश दिए।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में आधा दर्जन गिरफ्तार

वर्ष 2024 में युवक ने लगाई थी फांसी

जांच रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। नईसराय पुलिस द्वारा आत्महत्या के मामले में छानबीन करते हुए आत्महत्या के लिए ऊकसाने के मामले में करीब आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है।

दरअसल 26 दिसंबर 2024 को थाना नईसरांय में फांसी लगाने से मृत्यु होने पर से मर्ग क्रमांक 26/24 धारा 194 बीएनएसएस

के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई । जांच के दौरान मृतक राजू खान पुत्र लतीफ खान उम्र 30 साल निवासी रमतला मोहल्ला कोलारस जिला शिवपुरी का एंड्रोईड मोबाईल जप्त किया गया, मोबाईल में मृतक द्वारा आत्महत्या करने से पूर्व स्वयं के मोबाईल में बनाई गई वीडियो क्लिप की सत्यता की जांच के लिये मृतक के मोबाईल को सायबर सेल भोपाल भेजा गया । भोपाल से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर 6 आरोपियों के विरूद्ध आत्महत्या के लिये प्रेरित करने के संबंध में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वहीं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनीष सिंह गुर्जर द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीन टीमें गठित की गई । उक्त टीमें भोपाल, गुना एवं अशोकनगर के लिये रवाना की गयी । आपसी समन्वय स्थापित कर एक साथ दबिश देते हुये थाना जहांगीराबाद भोपाल के 56 चौराहा क्षेत्र से 02 आरोपी, इंदिरा कालोनी शाजापुर से 02 आरोपी, कुरैशी मोहल्ला नईसरांय से 02 आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।

अपराध

पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, अन्य की तलाश तेज

राह चलते युवक का किया अपहरण, फिरौती में मांगे 5 लाख

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने में विगत दिवस अपहरण कर फिरौती मांगने का मामले सामने आया है, जिसमें पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, तो वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। अपहरण करने वाले आरोपियों ने अपहरण से एक होटल संचालक से भी मारपीट की थी, जिसकी शिकायत भी होटल संचालक द्वारा थाने में दर्ज कराई गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत यादव ने बताया कि अविरल जैन पुत्र राकेश जैन उम्र 23 साल निवासी वार्ड नंबर 4 नरसिंह मंदिर के पास चंदेरी द्वारा ने अपने आवेदन में बताया कि बुधवार शाम करीबन 4 बजे अपने निजी कार्य से नानकपुर से

सकवारा गांव अपनी बाईक से जा रहा था, इसी बीच रास्ते में फोन करने के लिये रूका, तो तीन लोग बाईक से आये और उससे जबरन अपने साथ ले जाने लगे, जब उसने जाने से मना किया, तो उसके साथ मारपीट की। इसके बाद वह उसे बाईक पर बैठाकर नानकपुर से हिराबल की तरफ ले गये, जहां कट्टा अडाकर उससे पांच लाख रूपये की फिरौती मांगी गई, करीब डेढ घंटे बंधक बनाये जाने के बाद उसे घर से पैसे लाने के लिए छोड़ा गया, इसके बाद उसने अपने साथ हुई सारी घटना परिजनों को बताई। जिसके बाद वह थाने पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। वहीं शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू किया गई, इसके लिए अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर आरोपीगणों की तलाश हेतु जगह-जगह दबिश दी गई। जिसके चलते मुखविर सूचना व तकनीकी संसाधनों का प्रयोग कर चंदेरी, प्राणपुर एंव आस-पास के गांव में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर घटना में सहयोगी एक आरोपी रानू राजा पुत्र राजपाल बुन्देला निवासी ग्राम टोडा हाल ग्राम प्राणपुर थाना चंदेरी को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस द्वारा इंदु पुत्र छत्रपाल बुन्देला निवासी ग्राम टोडा और भगोले उर्फ रनवीर पुत्र बृजेन्द्र बुन्देला, जगदीश पटेल (कुर्मी) निवासी बैलाताल ललितपुर की तलाश की जा रहीं है।

अपहरण से पहले होटल वाले से की मारपीट:

थाना प्रभारी ने बताया कि अपहरण से पहले सभी आरोपियों ने एक होटल चलाने वाले व्यक्ति के साथ भी मारपीट की गई थी, जिसकी शिकायत भी होटल संचालक द्वारा कराई। दरअसल बुधवार कोकृष्णा ठाकुर द्वारा रिपोर्ट की दोपहर करीबन 03.30 बजे मेरे होटल नक्षत्र पैलेस पर भगोले बुन्देला, इंदु बुन्देला व अन्य एक व्यक्ति आये और किराये से रूम मांगने लगे, तो मैंने पहचान पत्र मांगा तो नहीं दिया। मैंने कमरा देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर उसके मारपीट करते हुए गंदी-गंदी गालियां दी । पुलिस ने इस मामले में भी आरोपियों के विरूद्ध धारा 333,115(2), 296(बी), 351(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया।

आध्यात्मिक शो की तैयारियों में जुटा जैन समाज

मुनिश्री ने धर्मसभा को किया संबोधित

आचार्यश्री ने अंतिम समय तक किया संयम का पालन

नवभारत न्यूज

मुंगावली। दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा आयोजित किए जा रहे आध्यात्मिक शो बर्धमान से वर्तमान के गाथा के आयोजन के लिए तैयारिया शुरू कर दी गई है। जिसके चलते कई टीमों बनाकर इस कार्य के लिए जुट गई है, जिससे यह शो सफल हो।

यह आयोजन नगर में विराजमान पूज्य मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज संसघ के सानिध्य में सम्पन्न होना है, जिसमें देश के कई बड़े जाने माने कलाकारों द्वारा नाटक का मंचन किया जाएगा। महावीर जयंती पर आयोजन होने वाले इस आयोजन में जिले के अलावा प्रदेश स्तर के नेताओं को बुलाने की कवायद भी शुरू हो गई है,

वही संत निवास पर संगीतमय आचार्य की पूजन की जा रही है, जिसमें चार परिवारों द्वारा अष्ट द्रव सजाकर अपने घरों से बैंड बाजे के साथ संत निवास पहुंचे और आचार्यश्री की पूजन की गई। इस अवसर पर मुनिश्री ने कहा कि आप लोग देखिए कि किस तरह आचार्यश्री ने अपने अंतिम समय में भी संयम के साथ समाधि को धारण किया यह अपने आप में उनकी साधना को दर्शाता है जिस तरह उन्होंने अपना चर्या का पालन किया।

ऐतिहासिक रहेगा आध्यात्मिक शो:

नगर में महावीर जयंती को होने वाला आध्यात्मिक शो ऐतिहासिक रहने वाला जिसमें देश को बड़ी हस्ती इस नाटक मंचन करेगी, उसके कई कलाकार ऐसे है जो टीवी शो इंडिया गॉट टैलेंट में अपनी प्रतिभा को दर्शा चुके है। वही दिगम्बर जैन पंचायत में इस आयोजन में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है जिसकी तैयारी की जा रही है और इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।